वर्ष- 21 अंक - 351 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शनिवार 6 जून 2026

# अमेरिका से दिल्ली आया कॉकरोच

## एक घंटे बाद एयरपोर्ट से बाहर निकले, फिर जंतर-मंतर पहुंचे




### अभिजीत ने समर्थकों से कहा- किताब और तिरंगा लाना न भूलें

नई दिल्ली ● एजेंसी

नीट पेपर लीक को लेकर जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन के लिए 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फाउंडर अभिजीत दिपके आज सुबह अमेरिका से दिल्ली पहुंचे। वे एक घंटे बाद एयरपोर्ट से बाहर निकले और बाद में प्रदर्शन का नेतृत्व करने जंतर-मंतर पहुंचे। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन हो रहा है। दिल्ली पहुंचते ही अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया पर अपने समर्थकों से कहा कि वे किताब और तिरंगा लाना न भूलें और पुलिसकर्मियों को फूल भेंट करें। पुलिस ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति दी है,लेकिन इस प्रदर्शन में 1000 से ज्यादा की भीड़ नहीं आ सकेगी। प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने जंतर-मंतर पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए हैं।

# खान सर हुए अंडरग्राउंड

## रात भर ढूंढ़ती रही पुलिस, कोर्ट में कर सकते हैं सरेंडर

पटना ● एजेंसी

### पटना में रातभर चला ड्रामा कोचिंग के बाहर डटे रहे स्टूडेंट्स

पटना में खान सर और ज्ञान बिन्दु कोचिंग के निदेशक रोशन आनंद के बीच विवाद और गहरा गया है। पिछले दिनों खान सर की कोचिंग के बाहर गोलियां चली थीं। खान सर के आरोप के बाद पुलिस ने रोशन आनंद को गिरफ्तार किया था, बाद में एक वीडियो से यह पता चला कि खान सर ने ही अपने गार्ड को गोली चलाने को कहा था। अब पुलिस खान सर (फैजल खान) को गिरफ्तार करना चाहती है। कल रात को पुलिस की टीम खान सर की कोचिंग पर पहुंची तो वहां बड़ी तादाद में छात्र जमा हो गए। पुलिस ने इन छात्रों को हटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस खान सर को गिरफ्तार नहीं कर पाई। बताया जाता है कि खान सर अंडरग्राउंड हो गए हैं और वे कोर्ट में सरेंडर कर सकते हैं।



### चाचा ने खान को नटवरलाल बताया

खान सर उत्तरप्रदेश के देवरिया के रहने वाले हैं। उनके पैतृक आवास में रहने वाले खान सर के चाचा इमरान अहमद ने कहा कि यह नटवरलाल है और बहुत साजिश वाला आदमी है। खान सर के पड़ोसियों ने भी खान सर पर गंभीर आरोप लगाए।

# लालू-राबड़ी-तेजस्वी ने लौटाई सरकारी सुरक्षा



**पटना.एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की झेड प्लस सुरक्षा हटाए जाने से नाराज लालू और राबड़ी ने अपनी सरकारी सुरक्षा लौटा दी। बाद में उनके बेटे तेजस्वी ने भी सरकारी सुरक्षा लौटाने का ऐलान किया। तेजस्वी और उनकी पार्टी का आरोप है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए उनकी सुरक्षा में कटौती की जा रही है।

# भांगड़ ब्लास्ट केस में ममता की पार्टी का नेता गिरफ्तार

## बांग्लादेश भागने की फिराक में थे शौकत मोल्ला

कोलकाता ● एजेंसी

भांगड़ ब्लास्ट केस में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एजेंसी ने मुख्य आरोपी और पूर्व टीएमसी विधायक शौकत मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया है। एनआईए का दावा है कि छापेमारी के दौरान फरार हुए शौकत मामले के प्रमुख साजिशकर्ता हैं। एजेंसी को शक है कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बांग्लादेश भागने की कोशिश कर रहे थे। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले 19 मार्च को भांगड़ इलाके में विस्फोट हुआ था। इसमें एक शख्स की जान गई थी और कई घायल हुए थे।

### ममता को एक और झटका

कूचबिहार जिले की मेखलीगंज नगर पालिका के अध्यक्ष और पांच पार्षदों ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। इसके बाद नगर निकाय पर पर अब कांग्रेस का शासन हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ...

### दिल्ली की बसों में तैनात होंगी हथियारबंद महिला पुलिसकर्मी

**नईदिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली की सार्वजनिक बसों में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए अब बसों में हथियारबंद महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। महिला यात्रियों को घर तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष डोर-स्टेप सुरक्षा मॉडल भी तैयार किया है।

### भीषण टक्कर में 8 श्रद्धालुओं की मौत

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब के ममदोट में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ये श्रद्धालु पिकअप गाड़ी में सवार होकर डेरा व्यास जा रहे थे, तभी इनकी गाड़ी एक ट्राले से टकरा गई। मृतकों में 5 महिलाएं और 10 साल का बच्चा भी शामिल है।

### एनकाउंटर में 67 मुस्लिम, 138 हिन्दू मारे गए

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में अपराधियों का खात्मा करने के लिए जो एनकाउंटर हो रहे हैं उनमें मुस्लिमों से ज्यादा हिन्दू मारे जा रहे हैं। 31 मार्च 2017 से 5 सितंबर 2024 तक कुल 207 अपराधी मुठभेड़ में ढेर हुए हैं। इसमें 67 मुस्लिम, 20 ब्राह्मण, 18 ठाकुर, 16 यादव, 17 गुर्जर-जाट, 14 एससी, 3 एसटी, 2 सिख, 8 अन्य ओबीसी और 42 अन्य जाति और धर्म के लोगों का यूपी पुलिस द्वारा एनकाउंटर किया जा चुका है। इस तरह कुल 138 हिंदू और 67 मुस्लिमों के एनकाउंटर किए गए हैं।

### अकाल तख्त में लगे खालिस्तानी नारे

**अमृतसर.एजेंसी।** आज ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी है। यहां सुबह से ही संगत में बड़ी तादाद में लोग पहुंच रहे हैं। अकाल तख्त में सुबह-सुबह खालिस्तानी नारे भी लगे और जत्थेदार ने कौम के नाम संदेश भी दिया। आज गुरुनगरी में बंद का आह्वान किया गया है। इसे देखते हुए पुलिस और अर्ध सैनिक बलों ने सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। सिविल ड्रेस में पुलिस और गुप्तचर विभाग के कर्मचारी भी तैनात हैं।

### होर्मुज में दागे ड्रोन

**तेहरान. एजेंसी।** ईरान अमेरिका युद्ध थमने की खबरों के बीच ईरान ने होर्मुज में ड्रोन दागे। इसके बाद अमेरिका ने तेहरान की रडार साइट्स पर हमला बोला। इस बीच अमेरिकी सेना ने दावा किया कि ईरान ने कुवैत और बहरीन पर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी एयरक्राफ्ट ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया।

### भारत में बांग्लादेशियों की घुसपैठ नाकाम

**कूचबिहार.एजेंसी।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर उस समय तनाव फैल गया जब बांग्लादेशी घुसपैठियों ने भारत में घुसने की कोशिश की। खबर मिलते ही बीएसएफ ने मोर्चा संभाला और घुसपैठ को नाकाम किया।

# भाजपा के दिग्गज कार्यालय के भूमिपूजन में ई-रिक्शा से पहुंचे

## सिलावट बनवा सकते हैं 10 कार्यालय, बस ताकत के एहसास की जरूरत -विजयवर्गीय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





कल जिला भाजपा का भवन बनने का मार्ग शुरू हो गया। नए कार्यालय भवन का भूमिपूजन कल प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद कविता पाटीदार, अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक मनोज पटेल, उषा ठाकुर, मधु वर्मा सहित अन्य भाजपाइयों की मौजूदगी में हुआ। जहां भाजपा कार्यालय बन रहा है उसकी भूमि किसान मनोहर पटेल, इन्दर पटेल ने दी थी उनका सम्मान भी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने किया। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यालय भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर है। श्रवणसिंह चावड़ा ने कहा कि आधुनिक कार्यालय 16 हजार वर्गफीट क्षेत्र में बनेगा। एक ही ई-रिक्शा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, सांसद कविता पाटीदार बैठकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे थे। पहले सभी कार से पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में जब मंच का कार्यक्रम चल रहा था और माइक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हाथों में था तो उन्होंने हमेशा की तरह कल भी चुटकी ली और निशाने पर मंत्री तुलसीराम सिलावट को उन्होंने ले लिया। विजयवर्गीय ने कहा कि मंत्री तुलसी सिलावट को अपनी ताकत का एहसास नहीं है वे 10 भाजपा कार्यालय बनवा सकते हैं, सिलावट को उनकी ताकत का एहसास कराना पड़ेगा, जिस तरह हनुमानजी को उनकी ताकत का एहसास जामवंत ने कराया था। मंत्री की बात पर सभी ने ठहाके लगाए।

# मंत्री, महापौर, विधायक और पार्षदों का रहा जमावड़ा

## विजयवर्गीय ने ग्लोबल वार्मिंग पर जताई चिंता, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




संभागीय शासकीय आईटीआई नन्दा नगर परदेशीपुरा क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस और भाजपा के पौधारोपण आयोजन में एक पेड़ और एक बगीया माँ के नाम अभियान में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, सभापति मुन्नालाल यादव, पार्षद मनोज मिश्रा, राजकपूर सुनहरे सहित अन्य भाजपाइयों की मौजूदगी रही। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की चिंता पाली और मौसम में हो रहे परिवर्तन के साथ ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता जताई। पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। ज्यादा से ज्यादा पौधे, वृक्ष लगाएं उनके संरक्षण पर ध्यान रखें। ग्लोबल वार्मिंग और जल वायु परिवर्तन वर्तमान समय में गंभीर चुनौती है। पर्यावरण संरक्षण अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि विश्व के 115 सर्वाधिक गर्म शहरों में से लगभग 90 शहर भारत में स्थित हैं, जो चिंता का विषय है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। संचालन संजय जैन, आईटीआई प्राचार्य गौरव आर्य ने किया।






## पूर्व विधायक पहुंचे जिम्मेदारी निभाने बैतूल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बैतूल जिले में पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता अपने प्रभार का दायित्व निभाने पहुंचे। भाजपा सारणी मंडल में उन्होंने पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की। वहीं बागडोना, सारणी, अमला और बोरदेही मंडल की बैठक में भी उन्होंने शिरकत कर अपना दायित्व निभाया।



## विधायक ने लगाया पौधा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा के अभियान में विधायक मालिनी गौड़ ने पौधारोपण में शिरकत की। गोकुल करोड़े, रमेश यादव, अरविंद चंदेल सहित अन्य मौजूद थे।

## सरपंच ने पेश की चादर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार रोड स्थित ग्राम पंचायत में हजरत दावल शाह वली दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम में कल शुक्रवार को चादर पेश की गई। सरपंच सोहराब पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।





# शिवसैनिकों ने निकाली 'हुंकार साइकिल रैली'

**महंगाई और बेकाबू ट्रैफिक के खिलाफ हुंकार भरी**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लगातार बढ़ती महंगाई, बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था एवं मूलभूत समस्याओं से परेशान आम जनता के समर्थन में कल शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) द्वारा विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। शिवसेना इंदौर इकाई के नेतृत्व में गांधी हॉल से 'हुंकार साइकिल रैली' निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में शिवसैनिकों एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। रैली की शुरुआत से पहले गांधी हॉल परिसर भगवा झंडों एवं 'जय भवानी, जय शिवाजी' के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं के हाथों में तख्तियां और बैनर थे, जिनमें बढ़ती महंगाई एवं शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश



दिखाई दिया। रैली गांधी हॉल से प्रारंभ होकर रीगल तिराहा होते हुए राजवाड़ा पहुंची, जहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात रैली कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने, आटा-दाल सहित आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर कर समाप्त करने, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने तथा गड्ढायुक्त एवं जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। धनराज दामके, सुनील शर्मा, नाहर सिंह गोड़, चरित्र शर्मा, प्रभात पूरनिया, परमजीत सिंह मेकन, सुनील ठाकुर, मनीष शिंदे, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, गोलू राजपूत, राजेश तिवारी, डेनी चौहान, प्रियंका नामदेव, प्रवीण, रितेश परमार, मनोज परमार, गोलू परमार, लक्ष्मण राम कुमावत, सुनील रावल, सुनील सोलंकी, संजय कलमे, राम चाकरे, विकास चौहान, देवले उपस्थित रहे। धनराज दामके ने उक्त जानकारी दी।

## कांग्रेसी गढ़ में भाजपाइयों का पौधारोपण



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 5 के खजराना क्षेत्र के वार्ड 40 कांग्रेसी गढ़ में अगले साल होने वाले चुनाव में जीत की उम्मीद में भाजपाई पहुंचे और पौधारोपण खजराना तालाब के पास किया। वहां 21 पौधे लगाए। इस दौरान भाजपाई बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आज शाम कांग्रेस की जन अधिकार यात्रा

## आम लोगों को यात्रा के लिए पम्पलेट से निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



मधुमिलन चौराहा से आरएनटी मार्ग छावनी क्षेत्र में हुई चौडीकरण को लेकर तोडफोड को लेकर व्यापारियों और रहवासियों में आक्रोश है। तोडफोड के विरोध में शहर कांग्रेस आज जन अधिकार यात्रा मधुमिलन से आरएनटी होते हुए छावनी और जगन्नाथ धर्मशाला तक निकालेगी। शहर कांग्रेस कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने बताया कि आज निकलने वाली इस यात्रा को लेकर कल शुक्रवार को सभी जीपीओ चौराहा पर एकत्रित हुए और पूरे आरएनटी मार्ग से लेकर ग्वालटोली, जावरा कम्पाउण्ड, मुराई मोहल्ला, पारसी मोहल्ला में निमंत्रण के पम्पलेट बांटे गए। व्यापारियों और रहवासियों से चर्चा भी की गई। शैलेश गर्ग, नीलेश सेन शैलू, विशाल चतुर्वेदी, जैनेश झांझरी, बंटी बदलानी, शैलेश जैन, ललित जैन, मोनू जिंदल, कमल नागर, रोहित जोशी सहित अन्य मौजूद थे। आज निकलने वाली जन अधिकार यात्रा का नेतृत्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे कर रहे है।

# गौरव रणदिवे बोले पटवारी को साइकिल चलाने के अलावा कुछ नहीं आता




## राज्यसभा में नहीं जाने से जीतू फ्रस्ट्रेशन में हैं

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की यात्रा के दौरान इंदौर में ही थे और जिस तरह से जीतू पटवारी के बयान आ रहे हैं उस पर रणदिवे ने कहा कि पटवारी भी राज्यसभा में जाने की जुगत में थे वे इसमें पिछड़ गए, जिससे उनको फ्रस्टेशन हो रहा है और वे बयानबाजी कर रहे हैं। राज्यसभा में भेजने का कांग्रेस का अंदरुनी मामला है। इस मामले में कांग्रेस के साथ जीतू पटवारी को भी आत्म अवलोकन करने की जरूरत है। जीतू पटवारी को बड़ी-बड़ी बात करने के अलावा कुछ नहीं आता है, हां वे साइकल चलाना अच्छी तरह जानते हैं। जीतू पटवारी अपनी ही विधानसभा में लम्बे मतो से चुनाव हारे और अपना बूथ भी नहीं जीत पाए, जबकि बड़ी बात करने से काम नहीं होता है और कोई बड़ा भी नहीं हो जाता है,चुनाव बड़ा नेतृत्व करने के लिए बड़ा काम करना पड़ता है।

## मुख्यमंत्री करीब पौने दो घंटे करेंगे शिरकत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में करीब 1 घंटा 40 मिनट रूकेंगे। वे आज इंदौर में 11 बजे पहुंचकर रेडिसन होटल में आयोजित 'भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन व्यापार एवं निवेश मंच 2026' के कार्यक्रम में शामिल होकर वापस दोपहर 12.40 पर इंदौर से भोपाल रवाना होंगे।



## खंडेलवाल का अभिनंदन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कल इंदौर आए तो भाजपा ग्रामीण कार्यालय भूमिपूजन के रास्ते में ग्राम पंचायत नेनोद के सरपंच और हिन्दू फाउंडेशन के सम्भागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सोलंकी, राकेश परमार, एडवोकेट सोलंकी ने सम्मान किया।**

## विधायक और पार्षद ने दी बोरिंग की सौगात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 के वार्ड 54 में लाभम रेसीडेंसी क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए बोरिंग की सौगात दी गई। विधायक महेन्द्र हार्डिया, पार्षद महेश बसवाल की जोड़ी ने बोरिंग के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया। दुर्गेश मिंजवा, दिनेश रोकड़े, आशु गोयल, गोपाल सिंगार सहित अन्य मौजूद थे।



## ज्योतिबा फुले मंडल ने किया आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** ज्योतिबा फुले मंडल ने कल भाजपा के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण दिवस को सार्थक करते हुए भाजपाइयों ने पौधारोपण किया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, दीपक राजोरिया, मलखान कटारिया, जसराज शर्मा, भगवती उपाध्याय, नरेश पुरोहित,राम यादव, भरत यादव, सुनील सिंह, राम मीणा, ओमप्रकाश चंदेल, मनोज परमार, पवन जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## मंडल की बैठक में भाजपाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा 1 के सुभाष मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक को पूर्व पार्षद और वरिष्ठ भाजपाई जयदीप जैन ने संबोधित किया। मंडल पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के अलावा महिला मोर्चा की मातृशक्तियां, केन्द्र प्रभारी सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।**



## ग्रीन बेल्ट में पौधों का रोपण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 के वार्ड 49 के अन्तर्गत स्कीम नं. 94 रिंगरोड ग्रीन बेल्ट में भाजपाइयों ने कल पौधारोपण किया। शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राजा कोठारी, दीपेश पालवीया, तीरथपाल यादव, पवन भार्गव, राकेश जैन, विकास यादव, विश्वजीत चौहान, अभिषेक सोनी, पंकज चौहान, सुबोध जैन, पदम जैन मित्तल, कन्हैया जोशी, मुनेश सोनकर, राकेश मेहता, गिरीश वर्मा, सोनू कैथवास, रवि यादव, सुमित जोशी, विनय बोरासी, मनोज सिलावट, गौरव जैन आदि मौजूद थे।

## तालाब और मुक्तिधाम पर पार्षद का पर्यावरण प्रयास



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वार्ड 16 की पार्षद सोनाली-मुकेश धारकर ने कल पर्यावरण दिवस पर भाजपा के अभियान में सहभागिता की और छोटा बांगड़दा तालाब और छोटा बांगड़दा मुक्तिधाम पर पौधारोपण का आयोजन कर 51 पौधे रौपे गए, इन पौधों को बड़ा करने की जिम्मेदारी भी तय की गई। वार्ड 14 के भी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। आयोजन में मातृशक्तियां भी मौजूद रही। लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल, जीवन जाटव, विवेक अग्रवाल, गोविंद पाठक, रूपसिंह चावड़ा, ओम सेन, राहुल राजपूत, राजेश शर्मा, निधि शर्मा, अनीता यादव मौजूद थे।



## वैश्य समाजजन रहे सम्मान में मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की मौजूदगी में वैश्य महासम्मेलन ने व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल के सम्मान का आयोजन किया। अजय सोढानी, अशोक डागा, दिनेश मित्तल, डॉ. संतोष वाधवानी एवं भाजपा नगर से प्रदेश पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर युवाओं के लगेज से दिव्यांग और बुजुर्ग परेशान

### *मण्डल रेल प्रबंधक से ध्यान देने की मांग*

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** म.प्र.कांग्रेस कमेटी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नरसिंह कुण्डलवाल ने कहा कि इंदौर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5-6 नेहरू पार्क पर आने जाने वालों के लिये लिफ्ट लगी हुई हैं परन्तु इसका ज्यादातर उपयोग युवा वर्ग 150-200 किलों के लगेज के साथ करते हैं और जो दिव्यांगजन एवं सीनियर सिटीजन हैं उन्हें आने जाने में प्राथमिकता ना देकर लम्बे समय तक खड़ा रहना पड़ता हैं। रेलवे या तो यहां आम रेल यात्रियों के लिये एक्सीलेटर लगवायें या फिर यहां पर गाड़ी आने जाने के समय आरपीएफ के आरक्षक को तैनात करें ताकि वह व्यवस्थित तरीके से दिव्यांगजन एवं सीनियर सिटीजन को प्राथमिकता से आने जाने की व्यवस्था सुचारू रूप से कर सकें या फिर दिव्यांग और बुजुर्ग के लिए अलग लिफ्ट का उपयोग किया जाए।

## नेहरू पार्क में भी हुआ आयोजन



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नेहरू पार्क में भी कल पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत नन्दकिशोर पहाड़िया, जीतू कुशवाह, प्रकाश राठौर, मोहित वर्मा, राजेश चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

# मुकेरीपुरा में 3 खतरनाक मकानों पर एक साथ कार्रवाई

## मानसून के आगमन को ध्यान में रखते हुए निगम जागा

## पुलिस बल के साथ जाकर निगम की टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा बारिश के मौसम की निकटता को ध्यान में रखते हुए खतरनाक मकान पर कार्रवाई को तेज कर दिया गया है। आज निगम की टीम ने मुकेरीपुरा में एक साथ तीन मकानों पर कार्रवाई की। इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी।**

बारिश का मौसम जब भी शुरू होता है तो उसके पहले नगर निगम के द्वारा खतरनाक मकान पर कार्रवाई करने का अभियान शुरू किया जाता है। इस अभियान के माध्यम से नगर निगम के द्वारा उन मकानों पर कार्रवाई की जाती है जो की तेज हवा या थोड़ी सी तेज बारिश की स्थिति में गिर सकते हैं। हर साल ही नगर निगम के द्वारा बारिश का मौसम शुरू होने से पहले इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। शहर में वैसे तो 200 से ज्यादा मकान खतरनाक स्थिति में है। नगर निगम इनमें से करीब 20 मकान पर कार्रवाई कर पाता है। इसी कड़ी में आज इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा मुकेरीपुरा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यहां पर कार्रवाई करने के लिए रिमूवल गैंग के अधिकारी और कर्मचारी जेसीबी मशीन और पोकलेन मशीन को लेकर पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। निगम को आशंका थी कि जिन मकानों पर कार्रवाई की जा रही है उन मकानों के मालिकों के द्वारा कार्रवाई का विरोध किया जा सकता है। इसी आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को पर्याप्त संख्या में सामने रखा गया था। जिन मकानों पर कार्रवाई की गई उनके मालिकों को नगर निगम के द्वारा पहले से ही नोटिस दिया जा चुका था। इस नोटिस में उन्हें खुद ही अपने मकान के खतरनाक हिस्से को तोड़ने के लिए कहा गया था। जब उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो फिर निगम की टीम के द्वारा आज इन मकानों पर रिमूवल निश्चित किया गया था।







निगम टीम ने मुकेरीपुरा में मोहम्मद साबिर, मुरलीधर सिंगी और अशोक शर्मा के मकान पर कार्रवाई की। इसमें मोहम्मद साबिर के मकान को तो पूरा तोड़ दिया गया जबकि मुरलीधर सिंगी के मकान की ऊपर की 12 फीट दीवार और अन्य निर्माण तोड़ा गया है। अशोक शर्मा एवं अन्य के मकान में छत पर बनाए गए टावर और अन्य निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई को करने से पहले नगर निगम टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जो निर्माण को तोड़ना था वहां पर रखे हुए सामान को निकलवाने का काम भी किया गया। निगम अधिकारियों का कहना है कि यह तीनों मकान अत्यंत खतरनाक स्थिति में थे। कभी भी तेज हवा अथवा तेज बारिश में यह मकान गिरते तो जनहानि भी हो सकती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए इन मकानों पर प्राथमिकता के साथ आज कार्रवाई की गई है। अभी नगर निगम द्वारा खतरनाक मकान के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी रखा जाएगा। निगम का कहना है कि जो मकान अत्यंत खतरनाक है उन पर पहले प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा रही है।

# शादीशुदा प्रेमी की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**खजराना थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतिका ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने अपने प्रेमी के खिलाफ गंभीर बातें लिखी हैं। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी शादीशुदा निकला और वह नेहा को लगातार फोन करके प्रताड़ित कर रहा था, जिससे तंग आकर उसने मौत को गले लगा लिया। खजराना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।**

**सुसाइड नोट में लिखा- आई हेट यू मानसिंह...**

पुलिस के अनुसार, घटना खजराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिव बाग इलाके की है। यहां रहने वाली नेहा पिता फूलसिंह (23) ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के बाद बदहवास परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने बताया कि नेहा का मानसिंह नामक युवक के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नेहा उसके साथ आगे की जिंदगी के सपने देख रही थी, लेकिन कुछ समय पहले ही नेहा के सामने यह कड़वी सच्चाई आई कि मानसिंह पहले से शादीशुदा है। इस खुलासे के बाद नेहा बुरी तरह टूट गई थी और उसने मानसिंह से दूरी बना ली थी। परिजनों का आरोप है कि जब नेहा ने मानसिंह से बातचीत करना बंद कर दिया, तो वह बौखला गया। मानसिंह लगातार नेहा के मोबाइल पर फोन करके उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। वह बार-बार फोन कर उस पर दोबारा बात करने और रिश्ता रखने का दबाव बना रहा था। मानसिंह की रोज-रोज की इस प्रताड़ना और धोखे के कारण नेहा मानसिक अवसाद में चली गई थी। जांच के दौरान खजराना पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इस सुसाइड नोट में नेहा ने अपनी मौत के जिम्मेदार मानसिंह के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया है। नेहा ने लिखा किआई हेट यू मानसिंह, तुम्हें तुम्हारे कर्मों की सजा जरूर मिलेगी।इस नोट से यह साफ हो गया है कि वह मानसिंह के धोखे और प्रताड़ना से इस कदर तंग आ चुकी थी कि उसे अपनी जिंदगी खत्म करना ही आखिरी रास्ता सूझा।फिलहाल पुलिस मामले में आगे जांच कर रही है।

# जाम गेट के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी मालेगांव से गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**महू थाना पुलिस ने युवती को डरा-धमकाकर कार से जाम गेट ले जाने और वहां जंगल में उसके साथ दुष्कर्म करने वाले शातिर आरोपी को महाराष्ट्र के मालेगांव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था।**

पुलिस के अनुसार, महू के मोहन टॉकीज इलाके में रहने वाली पीड़िता ने थाने पहुंचकर आपबीती दर्ज कराई थी। पीड़िता महू के ही एक बाजार में चूड़ी की दुकान पर काम करती है। उसने पुलिस को बताया कि पत्ती बाजार का रहने वाला आरोपी फैजल अहमद उसे रोजाना आते-जाते समय कमेंट करता था और उसका पीछा कर प्रताड़ित करता था। आरोपी ने युवती पर जबरन बातचीत करने का दबाव



बनाया और धमकी दी कि यदि उसने बात नहीं की, तो वह उसे महू में कहीं भी काम नहीं करने देगा। पीड़िता को नौकरी की सख्त जरूरत थी, जिसके कारण वह आरोपी की धमकियों से डर गई और मजबूरी में उससे बातचीत करने लगी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि गत 25 मई की रात करीब 8:30 बजे जब वह अपनी दुकान से काम खत्म कर घर लौट रही थी, तभी आरोपी फैजल अहमद ने उसे चम्पावाला बंगला के पास रोक लिया। आरोपी ने उसे जबरन अपनी कार में बैठाया और महू से दूर जाम गेट के पास स्थित सुनसान जंगल में ले गया। वहां आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। वारदात के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि उसने इस बारे में किसी को भी बताया, तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़िता की शिकायत पर महू थाना पुलिस ने आरोपी फैजल अहमद के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। मामला दर्ज होते ही आरोपी शहर छोड़कर भाग निकला था।आरोपी की धरपकड़ के लिए एक विशेष पुलिस टीम गठित की। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने महाराष्ट्र के मालेगांव में दबिश देकर आरोपी फैजल को घेराबंदी कर दबोच लिया।



## भागीरथपुरा में बारिश का कीचड़ और गंदगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 1 के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से कई लोगों की मृत्यु के बाद वहां नगर निगम काम भी करवा रहा है, जहां काम हो रहा है वहां दिक्कत भी है। इंदौर में अभी तक करीब 1 इंच पानी गिर चुका है और इतने में ही भागरीथपुरा के कई क्षेत्र में कीचड़ और गंदगी का आलम है, रहवासी फिसल रहे हैं, गिर रहे हैं, चोंट भी लग रही है। आम लोग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को सूचना भी दे रहे हैं, केवल आश्वासन मिल रहा है कि चूरी, मुरम डलवा दी जाएगी, कई लोगों को तो घरों में जाने में मुश्किल हो रही है, सड़कों का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है।



# जैन सामाजिक संसद पदाधिकारी कल लाखों रुपए पूरा करेंगे

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगम्बर जैन समाजजनों ने कल से निर्वाचित सामाजिक संसद के पदाधिकारियों पर उंगलियां उठाते हुए कहा कि संत को चातुर्मास के लिए आमंत्रित करने के लिए कुछ पदाधिकारी श्रीफल भेंट करने जाना चाहिए। संत सादगी के प्रतीक हैं, लेकिन कल सामाजिक संसद के पदाधिकारी 108 बस और 51 कारों के काफिले के साथ लाखों रुपया खर्च कर जैन समाजजनों को मुनि सुधासागरजी मसा को वर्षायोग के लिए श्रीफल भेंट करने जाएंगे। संत के साथ संघ को भी

**संत के आगमन के लिए देंगे श्रीफल**

आमंत्रित किया जाएगा। कल रविवार की सुबह सुबह 6 बजे गुना के लिए प्रस्थान करेंगे। इस यात्रा को श्रीफल समर्पण यात्रा का नाम भी दिया गया है। इस यात्रा के लिए जैन समाजजनों से बस के लिए 100 रुपए प्रति सीट टिकिट लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंदौर में दो सामाजिक संसद अभी भी चल रही है। इस यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर लाखों रुपए खर्च करने की उंगलियां भी उठाई है। सभी का यह कहना है कि मुनि सुधा सागर मसा और संघ इंदौर वर्षायोग के लिए आए यह अच्छी बात है लेकिन श्रीफल भेंट करने के लिए लाखों रुपया पूरा कर 108 बस और 51 कारें ले जाने की आवश्यकता नहीं होना चाहिए। या तो फिर इसे दर्शन यात्रा का नाम देना चाहिए, क्योंकि सभी संत सादगी के प्रतीक हैं और उन्हें श्रीफल देने के लिए लाखों रुपया खर्च करने की आवश्यकता नहीं होना चाहिए।

# भाजपा के बरगद से अलग हुई क्या डालियां?

## पौधारोपण की तस्वीर बोल रही इंदौर भाजपा में नहीं है सब कुछ ठीक

### कांग्रेसी बोले आखिर कब तक छुपेगा भाजपा नेताओं का दर्द

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आई भाजपा की अलग-अलग तस्वीर यह बता रही है कि भाजपा के बरगद से क्या डालियां अब अलग-अलग होने लगी है? क्या इंदौर की राजनीति में पक्की दोस्ती और आदर्श खत्म हो रहे हैं? क्योंकि इंदौर में भाजपा के नेताओं का अपना-अपना अलग पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हो गया, जहां हर साल एक सूत्री कार्यक्रम होता था, जिसमें पूरी बीजेपी एकजुट होती थी इस वर्ष आखिर ऐसा क्या हुआ कि भाजपा के बरगद की डालियां अलग-अलग हो गई बिखरी हुई दिखाई दे रही है? इस तस्वीर में वह भी अलग दिखाई दिए जिन्होंने उंगली पड़कर राजनीति सीखी। जबकि 2 साल पहले इसी पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा ने रेवती रेंज की पहाड़ी पर 12 लाख 50000 पौधे लगाने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव इंदौर आए और पौधारोपण किया। क्या बीते 2 सालों में इंदौर की राजनीति इतनी बदल गई कि उसने अलग-अलग धुरी बना दी? इस पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेवती रेंज पर पौधारोपण तो हुआ लेकिन इन तस्वीरों में सब अलग-अलग पौधारोपण करते दिखाई दिए, महापौर पुष्यमित्र भार्गव अकेले पौधारोपण कर रहे थे, वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने अपना अलग पौधारोपण किया जिसमें विधायक रमेश मेंदोला उनके साथ थे। वही एक अलग राजनीति भाजपा के ग्रामीण कार्यालय निर्माण भूमि पूजन के दौरान दिखाई दी, जिसमें पूर्व महापौर और वर्तमान विधायक मालिनी गौड़ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल नजर आए इंदौर में यह पौधारोपण की एक अलग ही तस्वीर थी। इन सभी जुड़ा एक अलग ही तस्वीर सामने आई जो इन सभी को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास करती दिखाई दे रही थी, वह तस्वीर भाजपा के नेता राजेंद्र राठौर की थी उन्होंने पौधारोपण की हर तस्वीर को जोड़ने का प्रयास किया, क्योंकि अधिकांश जगह वो उपस्थित थे, रेवती रेंज में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ दिखाई दिए तो दूसरी और वह मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ आईटीआई नन्दा नगर में भी पौधा लगाते हुए दिखाई दिए यहां तक की उन्होंने नगर निगम आयुक्त के साथ भी नेहरू स्टेडियम पहुंचकर पौधारोपण किया।

भाजपा के इस पौधारोपण को लेकर कांग्रेसी नेता अधिक इत्तेफाक नहीं रखते लेकिन नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का कहना है कि आखिरकार भाजपा नेता भी कब तक अपनी पीड़ा छुपाएंगे या कब तक किसी बरगद के नीचे पाने की नाकाम कोशिश करेंगे इसी का परिणाम विश्व पर्यावरण दिवस पर दिखाई दिया। भाजपा के इतने दिग्गज एक साथ शहर शहर में दिखाई नहीं दिए हर साल लाखों करोड़ों पौधे लगाने की बात कहने वाले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का उत्साह भी इस बार नजर नहीं आया। विजयवर्गीय की यह खामोशी बहुत कुछ कह रही है वे इस समय भोपाल से दूरी बनाए हुए। इसी खामोशी को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी लगातार भाजपा नेताओं से सवाल पूछ रहे हैं कि आखिरकार किसकी कार्यशैली से भाजपा के वरिष्ठ नेता भी नाराज हैं।

---

### इंदौरी पोहे का कल अंतर्राष्ट्रीय दिवस

# सुबह से रात तक रहती है पोहे की डिमांड, अब पूरे देश की पसंद बना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**सुबह के नाश्ते में इंदौर के लोगों की पहली पसंद समझे जाने वाले पोहे का कल अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। इस पोहे की इंदौर में सुबह से रात तक डिमांड रहती है। अब यह पोहा पूरे देश के पसंद बन गया है।**

पूरे देश से कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र का इंदौर आता है तो यहां पर सुबह के रास्ते के रूप में पोहा जलेबी का आनंद लेना नहीं भूलता है। हमारे शहर की सुबह के नाश्ते की पहचान पोहा बन गया है। बड़े से बड़ा कलाकार हो या बड़े से बड़ा नेता हो वह इंदौर जाकर पोहा खाना ही पसंद करता है। इस पोहे का कल अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। इंदौर शहर में सुबह से लेकर रात तक पोहे की डिमांड बनी हुई रहती है। शहर में 5000 से ज्यादा दुकान ऐसी है जहां पर नागरिकों के लिए पोहे बेचे जाते हैं।

इंदौर में पोहे का स्वाद भी कुछ अलग ही होता है। इंदौर में इस चलन को देखते हुए अब बहुत सारे शहरों में सुबह के नाश्ते में दुकानों पर पोहे बनाकर बेचने का काम शुरू हो गया है लेकिन पोहे का जो स्वाद इंदौर में मिलता है वह स्वाद पूरे देश में कहीं नहीं मिलता है। इंदौर के खान-पांच के हर ठिकाने की शान पोहा होता है तो इंदौर के हर क्षेत्र में पोहे की दुकान भी मौजूद होती है। यह पोहा केवल दुकानों से ही नहीं मिलता है बल्कि किराने की दुकानों और मॉल तक में कच्चा पोहा मिलता है जो कि नागरिक अपने घर लेकर जाकर भी बनाते हैं और शौक से खाते हैं। इंदौर और पोहे के बीच में एक अलग ही रिश्ता है। इंदौर के नागरिक को केवल सुबह के नाश्ता के रूप में ही नहीं बल्कि सुबह से रात तक में कभी भी पोहा खाने की इच्छा हो जाती है। यही कारण है कि इंदौर में कुछ दुकान तो ऐसी है जहां पर सुबह से लेकर रात तक पोहा बिकता है। यदि यह कहा जाए कि इंदौर और पोहा एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं तो भी कुछ गलत नहीं होगा।




---

# गलत जानकारी देने पर निगम का बिल कलेक्टर सस्पेंड

## पालिका प्लाजा की दुकान को बता दिया था खाली, वहां चल रहा है गैस गोदाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के एक बिल कलेक्टर को गलत जानकारी देने पर कल सस्पेंड कर दिया गया। इस बिल कलेक्टर ने पालिका प्लाजा की एक दुकान को खाली बता दिया था जबकि वहां पर गैस गोदाम चल रहा है।

नगर निगम के राजस्व विभाग और मार्केट विभाग में स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में इस विभाग के अपर आयुक्त रहे अधिकारी के कार्यकाल के दौरान पूरे विभाग का सिस्टम इतना ज्यादा बिगड़ गया है कि उस सिस्टम को सुधार पाना अब संभव नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में इस विभाग का काम देख रहे अपर आयुक्त आकाश सिंह की ओर से सिस्टम को बेहतर करने की दिशा में बहुत ज्यादा कोशिश की जा रही है लेकिन इन कोशिश का वैसा परिणाम नहीं आ रहा है जैसा कि आना चाहिए। अब ताजा घटनाक्रम के तहत नगर निगम के रिक्त दुकान के बारे में गलत जानकारी देने वाले मार्केट विभाग के बिल कलेक्टर संजय वर्मा को निगम आयुक्त ने निलंबित कर दिया। बताया जाता है कि पालिका प्लाजा में नगर निगम के अधिपत्य की एक दुकान है। जिसका कब्जा नगर निगम के पास है। इस दुकान के बारे में अपर आयुक्त राजस्व आकाश सिंह द्वारा जानकारी बिल कलेक्टर से मांगी गई थी। बिल कलेक्टर संजय वर्मा ने जानकारी में बताया कि उक्त दुकान रिक्त होकर निगम के अधिपत्य में है। जबकि जांच करने पर पाया गया कि उक्त दुकान का उपयोग एक गैस डीलर एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडर रखने के लिए किया जा रहा था। दुकान में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर भरे हुए भी पाए गए। गलत जानकारी देने पर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने उक्त बिल कलेक्टर को निलंबित कर दिया।

---

# प्रोफेशनल कीट प्रबंधन की जरूरत दिवस पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के सहयोग से आज वैश्विक स्तर पर विश्व कीट दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष ग्लोबल पेस्ट मैनेजमेंट कोएलिशन द्वारा घोषित थीम वैश्विक समाधान, स्थानीय कार्य प्रभाव : कीट प्रबंधन में सफलता की रूपरेखा प्रोफेशनल पेस्ट मैनेजमेंट से जन स्वास्थ्य की रक्षा रखी गई है।

इसका मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक कीट प्रबंधन के जरिए सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण की रक्षा करना है। यह जानकारी इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में इंदौर पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलशन कुमार भसीन ने दी। इस मौके पर एसोसिएशन के आदित्य भावसार, अनिल सिंह राठौर, आशीष शील, नाजिया अंजुम, देवेन्द्र तंवर और सुनील पाल भी मौजूद थे। एसोसिएशन ने इस अवसर पर चिंता जताते हुए कहा कि कीट सिर्फ एक परेशानी नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, मच्छर व अन्य कीट जनित रोगों से दुनिया भर में हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। अकेले भारत में दीमक और चूहों से सालाना 5,000 करोड़ से अधिक का आर्थिक नुकसान होता है, वहीं मध्य प्रदेश में मानसून के बाद डेंगू के मामलों में 40 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई है।



उन्होंने बताया कि शहर के फूड, वेयरहाउसिंग, हॉस्पिटैलिटी और हाउसिंग सेक्टर को सुरक्षित रखने के लिए एसोसिएशन के 50 प्रतिशत लाइसेंस प्राप्त सदस्य इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम), ग्रीन केमिस्ट्री, डिजिटल मॉनिटरिंग और टर्मी-ट्यूब पोरस पाइप इंस्टॉलेशन जैसी आधुनिक तकनीकों को अपना रहे हैं। अभियान के तहत जून और जुलाई में सरकारी स्कूलों में मुफ्त निरीक्षण और बच्चों को जागरूक करने के लिए पेस्ट फ्री इंदौर स्कूल कार्यक्रम चलाया जाएगा। आज शहर में गतिविधियों के अन्तर्गत स्कूलों में कार्यशाला आयोजित हो रही है। मुफ्त जांच और सफाई अभियान भी स्कूलों में चलेगा। वहीं आज कमजोर वर्गों के घरों में मुफ्त कीट नियंत्रण सेवाएं देना और भोजन के सुरक्षित भंडारण के गुर सिखाने का काम भी किया जा रहा है।



## महाप्रबंधक पाण्डेय ने भी किया पौधारोपण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व पर्यावरण दिवस पर कल पश्चिमी रेलवे महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने पौधारोपण किया। यह आयोजन आरपीएफ ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि कल मंडल कार्यालय पर सांसद और रेलवे अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। इस दौरान पौधारोपण किया गया।

# जैन समाजजनों ने किया पर्यावरण कार्य



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सुदामा नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया। समाज के साथ महिला मंडल भी आयोजन से जुड़ी। पार्षद जीतू राठौर अतिथि थे। कमल रावका, पीयुष रावका, नितेश मोदी, उषा बंडी, डॉ. अशोक बंडी, निर्मल पाटनी, डॉ. अनुपम जैन, विमल झांझरी, पदमचंद मोदी, रेखा पतंग्या, सरिता जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## पालीवाल समाजजनों ने निभाया सामाजिक दायित्व



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज, 24 श्रेणी, इंदौर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पिंक सिटी स्थित गार्डन पर समाजजनों की मौजूदगी में वृक्षारोपण का आयोजन किया। राकेश जोशी, ललित पुरोहित, सुरेश जोशी, वासुदेव पुरोहित, मनोज जोशी, सतीश जोशी, हीरालाल जोशी, मनोज जोशी, कैलाश जोशी, मांगीलाल जोशी, रोहित पालीवाल, मनोज जोशी मौजूद थे।

## कोली बने समाज स्मारिका में सम्पादक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अ.भा. कोली समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर निकलने वाली



स्मारिका में सम्पादक का दायित्व इंदौर के प्रकाश महावर कोली को मिला। कोली राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी है और प्रदेश कोली समाज में कार्यवाहक अध्यक्ष भी है। कोली समाजजनों ने उन्हें बधाई दी है।

# कान्ह नदी बचाने का संकल्प



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्णपुरा छत्री घाट पर अभ्यास मंडल एवं कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन अभियान समिति के तत्वावधान में कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन महाअभियान का शुभारंभ किया। प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, महिला मंडलों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए नदी संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ,. मालासिंह ठाकुर, डॉ. स्वप्निल व्यास, गौतम कोठारी, मुकेश चौहान, वैशाली खरे, शंकर गर्ग, दिलीप वघेला, श्यामसुंदर यादव, सुधीन्द्र मोहन शर्मा, अरविन्द तिवारी एवं मुकेश तिवारी, संदीप खानवीलकर, अशोक गोलाने, शरद कटारिया, मुकेश तिवारी, संजय त्रिपाठी, ओपी श्रीवास्तव, मनीष भालेराव, आशा तिवारी मनमोहन शर्मा, दिवाकर घायल, सुनील बेनवंशी, ग्रीष्म त्रिवेदी, अजेयसिंह सेंगर उपस्थित थे।

## धरा श्रृंगार संकल्प का सेवा कार्य



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी ने श्री प्रज्ञान गुरुकुलम् के तत्वावधान में सोसायटी कार्यालय बगीचा में पौधारोपण किया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद थी। कविता, स्लोगन और गीत गाकर पर्यावरण का संकल्प लिया। ऋचा अग्रवाल, मुकुल तिवारी, शालू, शकुन्तला सहित अन्य मौजूद थे।

# मारुति हनुमान मंदिर में कल से तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नवरतन बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में कल 7 जून से तीन दिवसीय संगीतमय ज्ञान महोत्सव होगा। नानी बाई का मायरा का रसपान सर्वेश्वरी देवी कल से रोजाना शाम 4 से 7 बजे तक कराएंगी। श्री मानस मंडल धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल होगी।**

# जश्न ए उस्मान गनी आज रात मनाया जाएगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नूरी फॉउंडेशन जूनारिसाला द्वारा आज रात ईशा की नमाज के बाद जश्न ए उस्मान गनी का आयोजन गोसे आज़म बड़ी मस्जिद जूनारिसाला में मनाया जाएगा। मुहम्मद गजाली ने बताया कि जलसे में मुहम्मद अर्सलान रज़ा, सय्यद मुहम्मद अनस हुसैन आज तकरीर करेंगे। कार्यक्रम में शहर काजी डॉ. इशरत अली, मुफ्ती मुहम्मद नूरुल हक़ नूरी, मुफ़्ती मुहम्मद अब्दुल अलीम, मुफ़्ती मुहम्मद मुबश्शिर रज़ा, मुफ़्ती मुहम्मद मुश्ताक़ अहमद, अहमद यार खान नूरी अज़हरी, मुफ़्ती मुहम्मद मंज़र मुस्तफ़ा नाज़ सिद्दीक़ी, अबुल फतह कादरी, मुफ्ती शाहिद रजा, सैय्यद शाकिर अली, नियाजुल कादरी, मुहम्मद सिदिक नूरानी, मुफ्ती मुहम्मद शहजाद रजवी भी मौजूद रहेंगे।



## कविता पाठ के साथ निमाड़ी भाषा में चर्चा और विमोचन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राइटर क्लब की गुरुवार की बैठक में पद्मश्री जगदीश चंद्र जोशीला शामिल हुए और उन्होंने निमाड़ी भाषा पर किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि किस तरह से संत सिंगाजी द्वारा निमाड़ी भाषा को जनभाषा बनाने की दिशा में कार्य किया गया। उन्होंने एक निमाड़ी कविता भी सुनाई जो शहीदों को समर्पित थी। खरगोन के गोगांवा के पास जगदीशचंद जोशिला ने अर्जुन राठौर की पुस्तक का विमोचन भी किया। अरुण ठाकरे, चंद्रशेखर बिरथरे, रवि खंडेलवाल, सुभाष खंडेलवाल, सत्यम वर्मा, स्वतंत्र जैन, राजेश शर्मा द्वारा कविताएं प्रस्तुत की गई। बैठक में दिलीप राजपाल, नवनीत शुक्ला, अनिल जैन, कमलेश्वर सिंह सिसोदिया भी शामिल हुए।

# विद्युत मंडल ने की बरसात में सावधानी की अपील

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं, आम नागरिकों से बारिश, मौसम बिगड़ने, तेज हवा, आंधी के दौरान सावधानी रखने की अपील की है। कंपनी ने कहा कि तार, पोल, ट्रांसफार्मर से पर्याप्त दूरी बनाए रखे। यदि कही तार टूटने, लाइन पर पेड़ गिरने, चिंगारी निकलने या अन्य असामान्य हलचल दिखाई दे तो टोल फ्री नंबर 1912 या संबंधित जोन, वितरण केंद्र के नंबर पर सूचित करे। टूटे तार को कदापि स्पर्श न करें। घरों में गीले हाथों से स्वीच को हाथ लगाए। कंपनी ने कहा कि खंभों के पास मवेशियों को नहीं बांधे, मवेशी घर चद्दर के पास तार नहीं खींचे जाए। कंपनी ने कहा कि घर की दिवार, बालकनी इत्यादि लाइनों से पर्याप्त दूरी पर बनाई जाकर जीवन सुरक्षित करे।

## संस्था की टीम नेपाल यात्रा के लिए रवाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था सफलता एक प्रयास की टीम नेपाल यात्रा के लिए रवाना हुई। अर्जुन नायक ने बताया कि सभी सदस्य नेपाल में एक निर्धारित समय पर पूरी यात्रा कर वापस इंदौर लौटेंगे। यात्रियों को हरी झंडी दिखाई गई। इस दौरान कई शुभचिंतक भी मौजूद रहे।




# पर्यावरण जागरूकता और एआई कार्यशाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स, इंदौर सेंटर द्वारा आयोजित कार्यशाला 'फ्यूचर बाय डिज़ाइनः द थर्ड आई बियॉन्ड बाउंड्रीज़' का आयोजन किया गया। तीन घंटे के कार्यक्रम में आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनर्स एवं कंस्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की नई संभावनाओं पर चर्चा की। नितिन घुले, स्नेहल सोनटक्के, सोमाली सिन्हा, अर्पित काबरा, कपिल जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# प्रकृति के प्रति प्रेम और पेड़ों से रिश्ता दोनों की पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व पर्यावरण दिवस पर विजयनगर स्कीम-54 स्थित एफ.एच. गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। यहां कोई दिखावा नहीं किया गया न मंच सजा, छोटे पौधों की बजाय बड़े पौधे रोपे गए। इन पौधों की देखभाल कर इन्हें और बड़ा किया जाए, यह संकल्प भी लिया गया। राजकुमार जैन ने बताया कि प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्बंध रखे। वहीं पौधा और पेड से भी उनका देखभाल का रिश्ता बनाए तभी आने वाले दिनों में स्वच्छ वायु, निर्मल जल और संतुलित प्राकृतिक परिवेश का संरक्षण केवल विकास की बहस का विषय नहीं, बल्कि हमारी नैतिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। तीन वर्षीय बालक कौस्तुभ ने भी पर्यावरण को लेकर कार्यक्रम में शिरकत की। पार्षद पूजा पाटीदार, अनुराग सिंह चौहान, आशीष शर्मा, यश कल्याणे, मन्नू विजयवर्गीय, राकेश एवं रहवासी भी मौजूद थे।



# 14 सेवादारों का मठ पर सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्मशान घाट पर आने वाले पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए तैयार करने में मदद करने वाले शहर के 7 सेवादारों तथा गोशालाओं में रहकर बीमार और बुजुर्ग गायों की सेवा से लेकर गोशालाओं की साफ-सफाई और उनके लिए भूसे-पानी की व्यवस्था करने वाले 7 सहयोगी बंधुओं सहित शहर के एक दर्जन लोगों का सम्मान समारोह श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा रविवार 7 जून की शाम 7 बजे से हंसदास मठ पर आयोजित किया है। हरि अग्रवाल ने बताया कि ग़म्भीर सोलंकी, पप्पू चौहान, शांतिलाल, सोनू सेन, रवि जाटव, पीरूलाल, पूनम खोडे, बबलू, महेश वर्मा, रामदास, सोनू, अशोक शारदा का सम्मान होगा। कई संत भी मौजूद रहेंगे। संत, ब्राह्मण और सम्मान करने वालों के साथ संस्था सदस्यों का भोजन भी रखा गया है।

# मालवा जर्नलिस्ट फोरम का आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम अधिकारी मधुसूदन तिवारी ने पौधारोपण में सहयोग किया। लोकेन्द्र थनवार, धर्मेंद्र शुक्ला, अश्विन बाहेती, गिरीश कानूनगो, अशोक शर्मा, राजेंद्र सचदेव, सुल्तान किरमानी, हनीफ मंसूरी साकेत कुमार बादल, दिनेश देशमुख उपस्थित थे।

# माहेश्वरी प्रगति मंडल कराएगा कल से भागवत कथा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मारवाड़ी माहेश्वरी प्रगति मंडल द्वारा गीता भवन में रविवार 7 जून से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन होगा। गोपेश्वर चेतन्य महाराज के श्रीमुख से कथा 13 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। मातृशक्ति उषा खटोड, सुनिता लाहोटी, अनु राठी, चंदा धूत अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। आयोजन से श्याम कोठारी, कपिल लाहोटी, ओम बंग, रामअवतार पलोड़, प्रवीण बियाणी, अशोक सोनी, विजय खटोड, मनोज धूत, प्रकाश लखोटिया अपनी भूमिका निभा रहे है। आयोजन को लेकर खजराना बाबा को भी निमंत्रित किया गया है।





# पर्यावरणविद संगोष्ठी एवं सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती द्वारिका जिला इंदौर महानगर के द्वारा ज्योतिबाफुले गार्डन में पर्यावरण संगोष्ठी एवं पर्यावरणविद सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि संस्था पदाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि भी आयोजन से जुडे रहे।

# अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र क्रा आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा की मेजबानी में अधिकमास की चतुर्थी का उजमन के कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाओं ने आयोजन किया। अरविन्द बागड़ी एवं मनीष अग्रवाल मन्नू ने बताया कि महिलाओं को उपहार भी मिले। चंद्रमा को अर्घ्य देकर मातृशक्तियों ने व्रत की आराधना पूरी की। सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ। संगीता बागड़ी, पूजा अग्रवाल, अनु बागड़ी, निधि बागड़ी, अमृता अग्रवाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## कल रविवार को 3.30 घंटे तक पोहा पार्टी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अंतरराष्ट्रीय पोहा दिवस पर संस्था 'प्रेम-किरण' द्वारा पोहा पार्टी' का आयोजन पश्चिमी क्षेत्र के साऊथ राजमोहल्ला डेरी गली में प्रातः 8बजे से 11:30 तक किया जाएगा। नीलेश भूतडा पप्पू, मधुसूदन भलिका ने बताया कि इस पोहा पार्टी में सभी पोहा प्रेमी आमंत्रित है।

# पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन पॉलीथीन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम कल पर्यावरण दिवस पर आयोजित किया गया। पौधारोपण के बाद पौधों को वृक्ष बनाना, उनका संरक्षण करना ही सबसे महत्वपूर्ण है। डॉ. स्वप्निल व्यास ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन पॉलीथीन है। प्रदीप जोशी, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अभय तिवारी, अरविंद तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र कोपरगांवकर, विपिन नीमा, राजकुमार वर्मा, बंटी गुंजाल, यत्नेश सेन, शैलेंद्र कश्यप, दीपक जैन, आशु पटेल, नितिन सोलंकी, मार्टिन पिंटो मौजूद थे।



## इन्दौरी रत्न अलंकरण समारोह क्ल शाम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का संस्था इंदौरियंस की ओर से कल रविवार 7 जून को शाम 6.30 बजे से गाँधी हॉल परिसर में इंदौरी रत्न अलंकरण सांस्कृतिक समारोह में सम्मान किया जाएगा। गीत-संगीत एवं नृत्य से सजी संध्या का आयोजन भी होगा। वहीं 11 प्रतिभाओं का चयन किया गया है। कल शाम इंदौरी रत्न अलंकरण समारोह भी होगा।



# चतुर्थी व्रत करने वाली महिलाओं का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ संरक्षक किशोर गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा चतुर्थी का उद्यापन कैट रोड गार्डन पर किया गया। व्रत करने वाली महिलाओं का सम्मान आयोजित किया गया। मुक्ति अग्रवाल, आशु अग्रवाल, अनिता ऐरन, रिंकू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, दीपिका पोत्दार, नीतू अग्रवाल, शालिनी मोदी, रीना गोयल एवं प्रीति गुप्ता ने कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाई। सर्वश्रेष्ठ सौलह श्रृंगार करने वाली 3 प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। तम्बोला सहित अन्य स्पर्धाएं भी आयोजित करवाई।

# भरपूर आवक से सब्जियां हो गई सस्ती

## 40 से 50 रुपए किलो में मिल रही ज्यादातर सब्जियां




इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इन दिनों चोईथराम थोक सब्जी मंडी में सभी सब्जियों की वर्तमान में भरपूर और अच्छी आवक होने से खेरची बाजार में ज्यादातर सब्जियां सस्ती हो गई है। हालात यह है कि जबरदस्त आवक से भिंडी, गिलकी, पालक, टमाटर से लेकर अन्य सब्जियां भी फिलहाल सस्ती बिक रही है। यहां तक की आलू प्याज भी 20 से 30 रूपए किलो के भाव मिल रहे है। 5 से 10 रूपए नग तक बिकने वाला नींबू भी गर्मी के मौसम के बावजूद बाजार में आसानी से 2 से 3 रूपए नग के भाव मिल रहा है। जबकि पहले ढूंढने से भी नींबू कहीं भी सस्ते नहीं मिल रहे थे। हालांकि अब नींबू सस्ते है। जबकि अदरक 100 से 120 रूपए किलो बिक रहा है।

### शिमला मिर्ची और सुरजना की फली महंगी

इधर, थोक बाजार के सब्जी विक्रेता विरेंद्र सिसोदिया, ललन प्रजापति का कहना है अभी गर्मी के सीजन में सब्जियों की पहले से बेहतर और अच्छी आवक से ज्यादातर साग भाजी सस्ती बिक रही है। जबकि शिमला मिर्ची और सुरजना की फली की कमजोर आवक से भाव में तेजी है। शिमला मिर्ची 60 से 80 रूपए किलो वहीं सुरजना की फली भी 80 से 100 रूपए किलो के आसपास बताई जा रही है। इसके अलावा कच्ची केरी 40 से 50 रूपए किलो के भाव मिल रही है। वही पतली लंबी वाली पीली शिमला मिर्च 50 से 60 रूपए किलो के भाव बिक रहा है। इनके अलावा मेथी की भी कम आवक से मेथी 80 से 100 रूपए किलो के आसपास बताई जा रही है।

# निपानिया क्षेत्र में भूवंश स्कूल से पॉश कालोनी आनंदम तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सांवेर विधानसभा के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 में स्थित भूवंश पब्लिक स्कूल के सामने से क्षेत्र के पॉश एरिया की आनंदम कालोनी तक क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर लगभग 80 लख रुपए के आसपास खर्चकर मजबूत सीमेंटेड सड़क बनाई जाएगी। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवाडे के लगातार प्रयास के बाद निगम द्वारा लंबे समय अटकी यहां की मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के साथ नवनिर्माण की मंजूरी देकर सड़क निर्माण की तैयारी भी शुरू कर दी है। जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्र के रहवासियों को सालों बाद मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के बाद बड़ी राहत मिलेंगी। यही नहीं इसके अलावा क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर मास्टर प्लान में शामिल 23 सड़कों में से निपानिया क्षेत्र की बायपास और स्टार चौराहे से जुड़ी दुसरी प्रमुख सड़क का निर्माण कार्य पहले ही तेजी के साथ शुरू हो चूका है।

**80 लाख रुपए के आसपास खर्च कर बनेगी नई सीमेंटेड सड़क**

**मानसून सीजन में यहां गुजरने वाले हजारों लोगों को मिलेगा बड़ा फायदा-** वहीं खास बात है कि मानसून सीजन की शुरुआत से पहले क्षेत्र के रहवासियों जनप्रतिनिधियों की मांग पर निगम द्वारा भुवंश पब्लिक स्कूल के सामने से लेकर पॉश एरिया की कालोनी आनंदम तक पहले से ज्यादा चौड़ी और मजबूत सीमेंट सड़क के निर्माण को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां करीब 80 लख रुपए के आसपास खर्च कर मानसून सीजन की शुरुआत के साथ नई सड़क निर्माण का कार्य भी जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा। जिसको लेकर फिलहाल निविदा संबंधित प्रक्रिया निगम द्वारा शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही जल्द जमीनी कार्य भी शुरू किया जाएगा। जिसका फायदा क्षेत्र के हजारों रहवासी परिवार के साथ यहां से रात - दिन गुजरने वाले सैकड़ो वाहन चालकों को भी मिलेगा।

**लगातार प्रयास**

# 2 करोड़ लागत से बनने वाली सर्विस रोड के लिए चौथी बार प्रयास, नहीं मिल रहा ठेकेदार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विधानसभा तीन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 64 में तीन इमली से पवन पुरी कॉलोनी तक लंबे समय से क्षतिग्रस्त सर्विस रोड की जगह लगभग एक करोड़ 99 लाख से ज्यादा की लागत से नवीन सर्विस रोड निर्माण के लिए निगम द्वारा लंबे समय से ठेकेदार की तलाश की जा रही है। उसके बावजूद हालात यह है कि निगम के लाख प्रयास के बाद भी कोई भी ठेकेदार काम हाथ में लेने को तैयार नहीं। इसलिए निगम द्वारा लगातार चौथी बार इस काम के लिए निविदा जारी की है। वहीं निगम द्वारा इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर प्रयास करते हुए जोन 18 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 64 से जुड़ी तीन इमली चौराहे से पवन पुरी कालोनी सर्विस रोड को सुधार कर नई सर्विस रोड निर्माण को लेकर प्रयास किए जा रहे है। हालांकि अब तक किसी ठेकेदार ने यहां के काम के लिए रुचि नहीं दिखाई है, जिसके बाद निगम द्वारा जारी निविदा के मुताबिक अगले माह की शुरुआत में ठेकेदार की तलाश पूरी होते ही निगम द्वारा हाथों हाथ वर्क आर्डर जारी कर जल्द से जल्द इस सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी है ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल जाए।

इधर, अभी परेशानी यह है कि मुसाखेड़ी फ्लाईओवर निर्माण के चलते हैं वर्तमान में तीन इमली से लेकर पवनपुरी कॉलोनी तक सर्विस रोड पर ही ट्रैफिक का पूरा लोड हो गया है जिसके कारण दिनभर यहां जाम लगा रहता है।

**ब्रिज निर्माण के चलते सर्विस रोड पर है पूरा लोड, दिनभर लगा रहता है जाम**

इस स्थिति में सर्विस रोड की हालत पहले से और ज्यादा खराब हो चुकी है जिसके चलते निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासी हो और व्यापारियों की मांग पर लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया के तहत निविदा जारी कर ठेकेदार की तलाश की जा रही है। ताकि बारिश से पहले सर्विस रोड का निर्माण शुरू हो जाए जिससे यहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को मानसून सीजन के दौरान परेशानी नहीं हो।

**पलासिया क्षेत्र में अब अंधेरे की वजह से नहीं होंगे हादसे**

# पत्रकार चौराहा से कनाड़िया रोड तक नई सेंट्रल लाइटिंग की तैयारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा 5 के अंतर्गत पलासिया क्षेत्र में पत्रकार चौराहे से कनाडिया रोड तक पिछले साल तैयार हुई नई सड़क पर अब अंधेरे की वजह से होने वाली दुर्घटनाएं और हादसे रोकने के लिए निगम द्वारा रोशनी के लिए सेंट्रल लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत निगम के विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र के रहवासियों एवं विधायक महेंद्र हार्डिया की मांग पर इस क्षेत्र को अंधेरा मुक्त करने के लिए पत्रकार चौराहे से कनाडिया रोड और तिलक नगर मैनरोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर लगभग दो दर्जन से ज्यादा नए बिजली के पोल पर आकर्षक एलईडी लाइटिंग लगाने की तैयारी है। जिससे इस मार्ग पर सड़क बनने के लंबे समय के बाद यहां से रात - दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को बड़ी राहत देकर जगमगाहट करने को लेकर अफसरों द्वारा प्लानिंग के साथ तैयारी भी शुरू कर दी है।

### *अभी अंधेरे की वजह से आए दिन होती है परेशानी*

*गौरतलब है कि पलासिया क्षेत्र में पत्रकार चौराहे से भीतर कनाडिया रोड तक पिछले साल बनकर तैयार हुई नई सीमेंट सड़क पर डिवाइडरों के बीच अभी तक लाइटिंग नहीं होने से आए दिन अंधेरे की वजह से परेशानी होती है। वहीं अब निगम द्वारा दुर्घटनाएं और हादसे रोकने के लिए आने वाले दिनों में बेहद जल्द नई सेंट्रल लाइटिंग लगाने का काम शुरू किया जाएगा। जिसके लिए निगम ने ऑनलाइन निविदा भी जारी कर दी है। वहीं कहा जा रहा है कि निविदा संबंधित तमाम प्रक्रिया पूरी होते ही बेहद जल्द इस मार्ग पर आकर्षक तेज रोशनी वाली नई एलइडी लाइटिंग लगाने का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा।*

# खुर्दा रोड मंडल में ब्लॉक के कारण अगले हफ्ते होगी इंदौर–पुरी एक्सप्रेस प्रभावित

## 9 और 16 जून को इन्दौर से चलने वाली गाड़ी मालतीपाटपुर पर होगी शार्ट टर्मिनेट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पूर्व तटीय रेलवे खुर्दा रोड मंडल के पुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तथा स्टेशन यार्ड मे निर्माण कार्य हेतु प्रस्?तावित ब?लॉक के कारण इंदौर–पुरी एक्सप्रेस का संचालन अगले हफ्ते दो दिन 9 और 16 जून को प्रभावित रहेगा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 09 एवं 16 जून 2026 को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर–पुरी एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और मालतीपाटपुर–पुरी के मध्य निरस्त रहेगी।



इसी प्रकार 11 एवं 18 जून 2026 को पुरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी–इंदौर एक्सप्रेस, मालतीपाटपुर रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा पुरी–मालतीपाटपुर के मध्य निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों के ठहराव, समय एवं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in पर अवश्य देखें।

## संपादकीय

# दिल्ली अग्निकांडः कागजों में थी लोगों की सुरक्षा और मौत हकीकत में

इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी। दिल्ली में मालवीय नगर के एक होटल में दो दिन पहले आग लगने से इक्कीस लोगों की जान चली गई। कोई हादसा एक मामूली कोताही का नतीजा हो सकता है, लेकिन अगर वह गलती बनी रहती है या उससे सबक लेकर भविष्य में सावधानी बरतने और बचाव के जरूरी इंतजाम नहीं किए जाते हैं, तो उन्हें आपराधिक लापरवाही से कम नहीं माना जा सकता। दिल्ली में मालवीय नगर के एक होटल में दो दिन पहले आग लगने से इक्कीस लोगों की जान चली गई। इसके अलावा, बिहार के मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में कई जगहों पर रिहाइशी इमारतों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। जहां तक मालवीय नगर की घटना का सवाल है, तो यह संभव है कि वहां अचानक लगी आग पूरी इमारत में फैल गई। मगर इतने लोगों के मारे जाने के बाद अब जो तथ्य उजागर हो रहे हैं, उससे यही साबित होता है कि इस हादसे की समूची भूमिका पहले से तैयार थी और इसमें इमारत के मालिक से लेकर सरकार के संबंधित महकमों के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी थी। सवाल है कि अगर होटल के पास दिल्ली अग्निशमन विभाग की ओर से जारी किया जाने वाला अग्नि सुरक्षा अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है। फिर छह कमरों के लाइसेंस पर अगर पच्चीस कमरे अवैध रूप से बनाकर कारोबार संचालित किया जा रहा था, तो यह किसकी अनदेखी से संभव हुआ? धोखाधड़ी करके इमारत के भूतल पर एक पूरी रेस्तरां चलाई जा रही थी, तो क्या यह कोई छिपी गतिविधि थी? जिस इमारत में अलग-अलग कारणों से हर समय खासी संख्या में लोगों के मौजूद होने की स्थिति थी, वहां आग लगने या अन्य किसी आपात स्थिति में बचने के लिए बाहर निकलने का रास्ता बाधित क्यों था? इलेक्ट्रॉनिक लॉक प्रणाली से जोखिम की आशंका होने के बावजूद मुख्य दरवाजे के खुलने-बंद होने की डिजिटल व्यवस्था की अनुमति किसने दी थी? सच यह है कि इमारत में जो हादसा सामने आया, वह सिर्फ कमाई की अदम्य भूख में सुरक्षा इंतजामों के अनिवार्य पहलू को लेकर एक आपराधिक लापरवाही और सरकार के संबंधित महकमों की ओर से की गई अफसोसनाक अनदेखी का नतीजा है। दरअसल, नियमों को ताक पर रखकर चलाई जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के केंद्र के संचालक तभी ऐसा कर पाते हैं, जब पुलिस या अनिवार्य व्यवस्थागत इंतजामों की समय-समय पर जांच और निगरानी करने वाले अधिकारी उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने की छूट देते हैं। इसके पीछे अवैध लेनदेन पर आधारित सांठगांठ हो सकती है। विडंबना यह है कि जो लोग इस तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं, उन्हें इस बात की शायद कोई फिक्र नहीं होती कि उनकी ऐसी हरकतों का अंजाम कितना त्रासद हो सकता है। अगर कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो सरकार और पुलिस की ओर से आनन-फानन में फौरी तौर पर कानूनी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता दिखती है। मगर ऐसे हादसों की जांच के नतीजे, कानूनी कार्रवाई और सजा की हालत यह है कि वह शायद ही किसी सबक के लिए उदाहरण साबित होती है। जरूरत इस बात की है कि खासतौर पर ज्यादा लोगों के जमा होने वाली इमारतों में आग लगने या किसी भी अन्य वजह से जोखिम पैदा होने की आशंका वाली जगहों के सुरक्षा इंतजामों को लेकर कोई समझौता न हो। साथ ही नियमों की अनदेखी करने या उन्हें ताक पर रखकर गतिविधियां संचालित करने वालों के खिलाफ उचित सख्ती बरती जाए।

# वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइज़ी के नाम पर 1.20 करोड़ की ठगी

## दिल्ली से दो शातिर डायरेक्टर गिरफ्तार, डॉक्टर फरार



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच पुलिस ने अंतरराज्यीय जालसाजी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में दबिश देकर एक नामी कंपनी के दो शातिर डायरेक्टर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने इंदौर की एक महिला से वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइज़ी देने के नाम पर 1.20 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में कंपनी से जुड़े दो आरोपी डॉक्टर अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई हैं।

इंदौर निवासी आवेदिका रितु मेहता ने गत 26 मई को थाना क्राइम ब्रांच में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। रितु ने बताया था कि नई दिल्ली की एक बड़ी कंपनी डॉ. हरोर्स एस्थेटिक प्रा. लिमिटेड के संचालकों ने उनसे संपर्क किया था। आरोपियों ने उन्हें अपने ब्रांड का वेलनेस और एस्थेटिक सेंटर खोलने का झांसा दिया और फ्रैंचाइज़ी देने के नाम पर अलग-अलग किस्तों में एक करोड़ बीस लाख रुपये ऐंठ लिए। रकम हड़पने के बाद आरोपियों ने न तो फ्रैंचाइज़ी दी और न ही पैसे वापस किए। करोड़ों रुपये की ठगी के इस हाई-प्रोफाइल मामले को गंभीरता से लेते हुए एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच ने तत्काल एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया। तकनीकी साक्ष्य और बैंक खातों की डिटेल खंगालने के बाद पुलिस टीम को आरोपियों के दिल्ली-एनसीआर में होने क़ी लोकेशन मिली। क्राइम ब्रांच की टीम ने बिना वक्त गंवाए तत्काल नई दिल्ली और नोएडा में आरोपियों के ठिकानों पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी और घेराबंदी कर कंपनी के दो मुख्य कर्ताधर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पहला देबदुलाल बनर्जी उम्र 48 वर्ष है, जो सुपरटेक केपटाउन, सेक्टर-74, नोएडा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी राहुल सावेल उम्र 39 वर्ष है, जो नवादा, उत्तम नगर, नई दिल्ली का निवासी है। क्राइम ब्रांच ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह देश के कई बड़े शहरों में इसी तरह बड़े ब्रांड और मेडिकल-वेलनेस सेंटर की फ्रैंचाइज़ी देने का लालच देकर करोड़ों की ठगी कर चुका है। इस रैकेट में दो रसूखदार डॉक्टर भी शामिल हैं जो फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

# तीन स्थानों पर चोरों के धावे, लाखों का माल उड़ाया

**इंदौर।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। लसूड़िया, बाणगंगा और बेटमा थाना क्षेत्र में अलग अलग मामलों में अज्ञात बदमाशों ने गोदाम और मकानों को निशाना बनाकर लाखों का सामान पार कर दिया।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में सुबह देवास नाका स्थित एसडीए-1 कंपाउंड में एक गोदाम का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फरियादी सुभाष डम्बलकर जब मौके पर पहुंचे तो शटर खुला मिला। अंदर जांच करने पर 40 किलो चाय से भरा बैग और ल्यूमिनस कंपनी की बैटरी गायब मिली। इसी तरह बाणगंगा थाना क्षेत्र में मगरखेड़ा रोड स्थित पारस पार्क में बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाया। अज्ञात आरोपी ने घर और अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर, बच्चों के आभूषण, गुल्लक और 32 हजार रुपए नगद समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। साथ ही कार और बाइक की चाबी भी ले गया। वहीं बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम धन्नड में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई। यहां अज्ञात बदमाश ने घर का ताला तोड़कर 2 जोड़ी चांदी की पायजेब और 3 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# वाइन शॉप के सामने नाबालिग से बर्बरता

## चिप्स का पैकेट मांगने पर डंडों और लात-घूंसों से पीटा, सिर फूटा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजय नगर में एक वाइन शॉप के कर्मचारियों और उनके साथियों ने जमकर गुंडागर्दी की। बॉटमशिप वाइन शॉप के सामने चिप्स का पैकेट मांगने जैसी मामूली बात पर दुकान के स्टाफ ने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़के पर डंडों और लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में नाबालिग का सिर फूट गया और छाती पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ दिया। विजय नगर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना विजय नगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78 इलाके की है। यहां रहने वाले 17 वर्षीय फरियादी ने थाने पहुंचकर बॉटमशिप वाइन शॉप के कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त आयुष के साथ विजय नगर स्थित बॉटमशिप वाइन शॉप के सामने खड़ा था। इसी दौरान उसने वाइन शॉप के कर्मचारी से खाने के लिए चिप्स का एक पैकेट मांगा। इतनी सी बात पर कर्मचारी अचानक भड़क गया और नाबालिग को चिल्लाते हुए गालियां देना शुरू कर दिया। नाबालिग ने जब सरेराह गाली देने का विरोध किया तो वहां मौजूद स्टाफ का पारा चढ़ गया। वाइन शॉप के कर्मचारी और वहां पहले से बैठे आरोपी अभिषेक मेहरा ने मिलकर नाबालिग को घेर लिया। आरोपियों ने क्रूरता की हदें पार करते हुए दुकान में रखे भारी डंडे उठा लिए और नाबालिग पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीटा। इस बर्बर हमले के कारण नाबालिग का सिर फूट गया और उसकी छाती व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान हो गया। जब पीड़ित ने मदद के लिए फोन निकालने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

# पेंटर फांसी पर झूला

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप में रहने वाले 23 वर्षीय सुजीत पिता लालाराम राजोरिया ने अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुजीत पेशे से पेंटर का काम करता था। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी और मां भी किसी काम से घर से बाहर थी। जब मां घर लौटी तो सुजीत फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर लसूडिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और खुदकुशी के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# न्यायालय से स्क्रैप सेंटर को राहत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खजराना क्षेत्र के एमएस सलीम स्क्रैप सेंटर के मामले में न्यायालय ने राहत दी है। सलीम पठान ने बताया कि न्यायालय ने इस सम्पत्ति पर याथस्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं।

# घर में बैठे-बैठे बिगड़ी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की तबीयत, हार्ट अटैक से मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 42 वर्षीय विवेक पिता विजय कुमार अपने घर पर बैठे हुए थे, तभी अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक प्राथमिक रूप से मौत का कारण साइलेंट हार्ट अटैक होना बताया जा रहा है। तेजाजी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# यशस्वी सस्ते में लौटे, सलीम ने अफगानिस्तान को दिलाई पहली सफलता

**मुल्लांपुर में भारत ने जीता टॉस, मानव सुथार ने किया टीम इंडिया के लिए डेब्यू**

**मुल्लांपुर।** न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। इस मैच में टीम इंडिया के लिए मानव सुथार डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें टॉस से पहले टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव ने डेब्यू कैप दिया। इसके साथ ही वो भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले 319वें खिलाड़ी बन गए हैं। आपको बता दें कि 2021 के बाद पहली बार किसी स्पेशलिस्ट स्पिनर को टीम इंडिया के लिए टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला है।





पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने समाचार लिखे जाने तक 1 विकेट पर 12 ओवर में 41 रन बना लिए थे। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छी शुरुआत के बाद बड़ी पारी नहीं खेल सके और 24 रन बनाने के बाद मोहम्मद सलीम की गेंद पर विकेट के पीछे अफसर द्वारा लपके गए। इस पारी में जयासवाल ने 5 चौके लगाए। दूसरे सलामी बल्लेबाज केएल राहुल 16 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। उनका साथ साई सुदर्शन दे रहे थे।

भारतः केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

अफगानिस्तानः सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज़, अब्दुल मलिक, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अज़मतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, जियाउर रहमान शरीफी, मोहम्मद सलीम सफी।

### द्वारकापुरी दोनों हत्याकांड का खुलासा

# भाई ही निकला हरीश का कातिल, क्रिश मर्डर केस में 7 आरोपी हिरासत में

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सनसनीखेज हत्याकांडों का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर लिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों के आरोपियों की घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया है। सूर्यदेव नगर में जहां सगे भाई ने ही मामूली घरेलू विवाद में भाई की जान ले ली। वहीं विदुर नगर कैफे के बाहर हुए क्रिश श्रीवास्तव हत्याकांड में पुलिस ने 'फील्डिंग सेट' करने वाले आडियो और पुरानी रंजिश के चलते 7 आरोपियों को राउंडअप किया है। पुलिस दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इन मामलों का विस्तृत खुलासा करने जा रही है।

सूर्यदेव नगर में हुई हरीश कदम नामक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। हरीश का कातिल कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसका सगा भाई ही निकला। पुलिस के अनुसार, मृतक हरीश के परिजनों का उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जब हरीश घर लौटा, तो वह अपनी पत्नी के पक्ष में खड़ा हो गया। हरीश ने अपने पिता और भाई से बहस करते हुए उग्र शब्दों में कहा कि तुम मेरी पत्नी को बोलने वाले कौन होते हो इसी बात को लेकर भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी भाई ने तैश में आकर चाकू निकाल लिया और हरीश पर वार कर दिया। चाकू सीधे हरीश की जांघ पर लगा। जांघ की मुख्य नस कटने और अत्यधिक खून बह जाने के कारण हरीश की मौत हो गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

### क्रिश हत्याकांडः 'फील्डिंग सेट' करने के आडियो के बाद रची गई हत्या की साजिश

60 फीट रोड पर कैफे के बाहर सरेराह हुई क्रिश श्रीवास्तव की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल 7 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जांच में सामने आया है कि इस जघन्य हत्याकांड की पटकथा एक आडियो रिकॉर्डिंग और पुरानी रंजिश के बाद लिखी गई थी। दरअसल, पिछले दिनों क्रिश ने एक आरोपी पर चाकू तान दिया था, जिसके बाद से ही आरोपी पक्ष बदला लेने की फिराक में था। इसी बीच आरोपियों के हाथ क्रिश का एक आडियो रिकॉर्डिंग लगा, जिसमें क्रिश अपने किसी दोस्त से मुख्य आरोपी की 'फील्डिंग सेट' करने की बात कह रहा था। इस आडियो के सामने आने के बाद आरोपियों ने क्रिश को अपने रास्ते से हटाने की योजना बनाई और गुरुवार रात कैफे के पास घेरकर डंडों और चाकू से उसकी हत्या कर दी।

### अलीराजपुर से लौटते ही ड्राइवर को हुई खून की उल्टी, अस्पताल में तोड़ा दम

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र के जीतनगर में रहने वाले एक कंपनी के ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक दिनेश पिता कन्हैयालाल (45) लोजिटेक कंपनी में बतौर ड्राइवर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि दिनेश कल ही गाड़ी लेकर अलीराजपुर से इंदौर लौटे थे तभी अचानक उन्हें खून की उल्टी होने लगी। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। भंवरकुआं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगा।

# सैकड़ों तुलसी पौधों का वितरण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था जीवन प्रवाह परिवार द्वारा पर्यावरण जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उषा नगर स्थित चारु मेडिकल पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा सैकड़ों तुलसी पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रकाश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने जीवन में कहीं भी और कभी भी अपनी सुविधा अनुसार कम से कम दो पेड़ लगाकर उनका संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वर्षा ऋतु में अमृत समान जल का संचयन करने के महत्व पर भी जोर दिया गया। पर्यावरण की शत्रु अमानक स्तर की पॉलिथीन का उपयोग न करने का संदेश देते हुए कपड़े की थैलियां का वितरण किया गया। प्रकाश सोनी, जगदीश सोलंकी, वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, राजेन्द्र स्वर्णकार, योगेश गुप्ता, चंदा जैन, चंद्रशेखर गवली, राजकुमार मेहता, प्रेमलता सहित अन्य मौजूद थे। आभार संस्था सचिव प्रकाश सोनी ने माना।

# आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया पोस्टर का विमोचन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संभागीय आईटीआई इंदौर में प्रवेश प्रक्रिया का शंखनाद क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला एवं अतिथियों ने पोस्टर का विमोचन किया। युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा स्वावलंबन का माध्यम आईटीआई है। इस दौरान सभापति मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, प्राचार्य रीना सोलंकी, शिवनारायण शर्मा, गौरव आर्या, संजय जैन, शरद शर्मा, विवेक दास, मस्तानसिंह राजपूत, नारायणसिंह सिसोदिया, निखिल पंडित, गौरव सिंघल, राजीव मौरे, रणजीत शेंडे, धनराज नरवरे, विमल सुनहरे, सीमा सक्सेना, माधवी शर्मा, पुष्पा भोसले, लक्ष्मी वर्मा, भारती जगन, जहुर सहित अन्य मौजूद थे।




**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी इंदौर**

**क्रमांक/2781/रीडर/2026** **दिनांक-25/05/2026**
**प्रकरण क्र.**

**-:उद्घोषणा:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक ठाकुर पिता सुभाष ठाकुर निवासी- उमरियाखुर्द इंदौर, द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विक्रयपत्र क्रमांक MP179132025A1163679 दिनांक 10/03/2025 के आधार पर ग्राम उमरियाखुर्द स्थित भूमि सर्वे नंबर 494/2, रकबा 0.065 0 हेक्टेयर भूमि पर अनावेदक सुभाष पिता जालमसिंह निवासी उमरियाखुर्द इंदौर के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 08/06/26 .तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर**



**न्यायालय तहसीलदार तहसील भिचौली हप्सी इंदौर**

**क्रमांक/2629/रीडर/2026** **दिनांक-10/05/2026**
**प्रकरण क्र.369/अ-6/2026-27**

**-:उद्घोषणा:-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दीपक पिता केवलदास माखीजा, सीमा पति दीपक माखीजा निवासी जोंग्लोंड केवेल 154 कुरासों दोंनो तर्फे आम मुखत्यार विनय पिता टीकमदासजी पाहुजा निवासी-96 बैकंठधाम साकेत इंदौर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर पंजीकृत विक्रयपत्र क्रमांक "A1/7075 दिनांक 09/02/2012 के आधार पर ग्राम भिचौलीमर्दाना स्थित सर्वे नंबर 10/1, एवं 11/1 रकबा 0. 047 हे. पर स्थित संपत फार्मस बी का भूखण्ड कमांक 82ए भूमि पर अनावेदक कुमारी जया पिता श्री गजेंद्रसिंह ठाकुर निवासी-108 जानकी नगर इंदौर, के स्थान पर राजस्व रिकार्ड मे नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 05/06/24 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अबधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री विजेन्द्र सिंह परमार पिता नारायण सिंह परमार** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 3375 सुदामा नगर सेक्टर-ई इन्दौर पिन नं. 1001227100 का भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# पार्थ ने लगाया शतक

## ग्वालियर चीतास की रोमांचक जीत

**इंदौर।** रजत पाटीदार की अगुवाई वाली ग्वालियर चीतास ने आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग टी-20 सिंधिया कप 2026 में शानदार वापसी करते हुए भोपाल लेपर्ड्स को 12 रनों से हराया।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर चीतास की टीम ने 18 ओवर में 8 विकेट खोकर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मैच की शुरुआत गीले आउटफील्ड के कारण देर से हुई थी, जिसके चलते मुकाबले को 18-18 ओवर का कर दिया गया। ग्वालियर चीतास के ओपनर पार्थ चौधरी 51 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 7 छक्के और 9 चौके शामिल थे। यह सीजन का पहला शतक रहा। वहीं पाटीदार ने 15 गेंदों में तेज 29 रन बनाए और दोनों के बीच 79 रनों की साझेदारी हुई।



इसके बाद ग्वालियर चीतास के गेंदबाजों ने अनुशासित और आक्रामक प्रदर्शन करते हुए मैच पर पकड़ बना ली। लेपर्ड्स ने तेजी से विकेट गंवाए और महज 6.1 ओवर में 5 विकेट 66 पर खो दिए थे। इसके बाद पवन निरवानी और प्रांजुल पुरी ने संघर्ष करते हुए 92 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम की उम्मीदें बनाए रखीं। निरवानी ने अंत तक संघर्ष जारी रखा और शानदार अर्धशतक बनाया, लेकिन उनकी कोशिशों के बावजूद लेपर्ड्स लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके और 18 ओवर में 7 विकेट पर 208 रन ही बना पाए, जिससे ग्वालियर चीता्स को जीत मिली।

## प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज के युवा सितारे और ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने इतिहास रचते हुए प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। उन्होंने अंतिम राउंड में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की और इस टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।



20 वर्षीय प्रज्ञानंद ने अंतिम दिन बेहद दबाव में खेलते हुए क्लासिकल जीत दर्ज की, जिसके उन्हें पूरे 3 अंक मिले। इस जीत के साथ उन्होंने कुल 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। दिन की शुरुआत में वह 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे, लेकिन आखिरी राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन कर उन्होंने सभी को पीछे छोड़ दिया। इस जीत की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि प्रज्ञानंद ने इस टूर्नामेंट में विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को दो बार क्लासिकल मुकाबलों में हराया।

# एक बार फिर विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं मेस्सी

**न्यूयॉर्क।** मैक्सी रोड्रिगेज ने फुटबॉल के दिग्गज लियोनेल मेस्सी के अथक प्रयास और मानसिकता की सराहना करते हुए कहा कि अर्जेंटीना के कप्तान अभी भी सफलता की अटूट भूख और इतिहास रचते रहने की इच्छा से प्रेरित हैं।

उन्होंने कहा कि मेस्सी का पूरा ध्यान व्यक्तिगत उपलब्धियों या रिकॉर्डों के बजाय अपने देश का प्रतिनिधित्व करने और एक और विश्व कप जीतने पर केंद्रित है।

रोड्रिगेज का मानना है कि प्रतिस्पर्धात्मक मानसिकता ने मेस्सी के करियर को परिभाषित किया है और यही कारण है कि वह उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करना जारी रखते हैं, जिससे प्रशंसकों को उन्हें प्रतिष्ठित नंबर 10 की जर्सी में एक बार फिर अर्जेंटीना का नेतृत्व करते हुए देखने का आनंद मिलता है। रोड्रिगेज ने कहा, मेस्सी को गौरव की भूख और एक बार फिर इतिहास रचने की इच्छा से प्रेरणा मिलती है। वह लगातार खेलते रहते हैं, उन्हें कोई रोक नहीं सकता। वह अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के गौरव के लिए खेलते हैं: उनके दिमाग में इसके अलावा कुछ और नहीं होता, यहां तक कि रिकॉर्ड तोड़ना भी नहीं। वह एक बार फिर विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं। वह एक बार फिर अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं क्योंकि यह भूख उनके व्यक्तित्व का हिस्सा है।



इस मानसिकता और दृढ़ संकल्प के बिना, वह वह सब कुछ हासिल नहीं कर पाते जो उन्होंने किया है। इसीलिए हम अर्जेंटीना की प्रतिष्ठित नंबर 10 जर्सी में उनके साथ एक और विश्व कप का आनंद ले पा रहे हैं। आठ बार बैलोन डी'ओर जीतने वाले इस खिलाड़ी ने अपने फुटबॉल करियर के दौरान हर क्लब और हर देश में व्यक्तिगत/टीम स्तर पर सर्वोच्च स्थान हासिल किया और अंततः 2022 में कतर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का सबसे बड़ा पुरस्कार जीतकर अपनी विरासत का एक अनमोल रत्न बना लिया।

## मध्य प्रदेश अंडर 7 व 9 चयन शतरंज स्पर्धा

**इंदौर ।** ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंदौर पब्लिक स्कूल , ईस्टर्न कैंपस, कनाड़िया रोड इंदौर में ओपन व बालिका वर्ग की मध्य प्रदेश अंडर 7 और अंडर 9 चयन शतरंज स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है । ऑल इंदौर चेस एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल फतेहचंदानी व आयोजन सचिव विवेक विश्वकर्मा ने जानकारी दी की अंडर 7 शतरंज स्पर्धा 10 व 11 जून को एवं अंडर-9 शतरंज स्पर्धा 12 व 13 जून को आयोजित होगी । इस चयन स्पर्धा के चयनित प्रथम दो दो खिलाड़ी राष्ट्रीय अंडर 7 नागपुर में व राष्ट्रीय अंडर-9 झारखंड में आयोजित स्पर्धा में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## मुस्कान शर्मा का एशियाड के लिए भारतीय महिला कबड्डी की संभावित कैंप में चयन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश एवं इंदौर के खेल जगत के लिए अत्यंत गौरव और खुशी का विषय है कि इंदौर की प्रतिभावान और नियमित कबड्डी खिलाड़ी मुस्कान शर्मा का चयन एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) द्वारा आगामी 20वें एशियन गेम्स-2026 (जापान) की तैयारियों के लिए आयोजित भारतीय महिला कबड्डी टीम के सीनियर राष्ट्रीय कोचिंग कैंप की संभावित खिलाड़ियों की सूची में किया गया है। मुस्कान का चयन राइट कवर पोजीशन के खिलाड़ी के रूप में हुआ है। मुस्कान शर्मा इंदौर वांडर्स की एक बेहद समर्पित खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लंबे समय तक इंदौर वांडर्स के मैदान पर पसीना बहाकर कड़ा अभ्यास किया है। वर्तमान में मेट्रो स्टेशन निर्माण के कारण इंदौर वांडर्स का ऐतिहासिक मैदान बंद हो गया है, लेकिन इस बड़ी बाधा के बावजूद मुस्कान ने हिम्मत नहीं हारी। मैदान की अनुपलब्धता के बाद भी उन्होंने अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बेहद विपरीत परिस्थितियों में कड़ी मेहनत जारी रखी और आज यह अद्वितीय मुकाम हासिल किया।



## रामबाग वारियर्स ने जीती खो-खो चैंपियनशिप



**इंदौर।** रामबाग अमेच्युअर्स स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामबाग खो खो प्रीमियर लीग सीजन - 5 का गारमेंट्स पब्लिक स्कूल के मैदान पर रंगारंग समापन हुआ।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक और सांसें रोक देने वाला रहा। खिताबी भिड़ंत में रामबाग वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामबाग किंग्स को महज 1 अंक के करीबी अंतर से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में रामबाग लायंस ने तीसरा स्थान हासिल किया।

टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट आदर्श वानखेड़े, बेस्ट अटैकर कृष्णा वानखेड़े, बेस्ट डिफेंडर आर्यन गोयल, बेस्ट स्काई डाइव अवार्ड ऋषिकेश हीरवे, बेस्ट पोले डाइव विशाल जाधव व राइजिंग स्टार ऑफ टूर्नामेंट करण चोंगर रहे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जयदीप कमल नागर उपस्थित थे । वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप शर्मा, आनंद जायसवाल, रवि नरवरिया, मनोज गौड, महेन्द्र शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में वैभव ठाकुर, मनोज जायसवाल, विलास केन्दुलकर, राजेश गौड़ और सुनील गौड़ ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। सभी अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। सफल संचालन विकास दम्मानी, अभिलाषा द्वारा किया गया।

## द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 12 जून से

**इंदौर।** इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में सत्र की द्वितीय इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 12 जून से आयोजित की जायेगी। स्पर्धा के मुकाबले अभय प्रशाल में खेलें जायेगें।

उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया कि स्पर्धा में पुरूष तथा महिला एकल मुकाबलों के साथ ही यूथ अंडर-11,अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 के आयु वर्गो में बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले खेलें जायेगें। विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ईनामी राषि तथा ट्राफियां प्रदान की जायेगी। स्पर्धा का संचालन प्रषांत व्यास तथा नवीन सोनी करेंगें। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी अपनी प्रविष्टियां ऑनलाईन एप्प स्पोर्ट्स झेन पर 9 जून शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

## 100से ज्यादा खिलाड़ियों ने सीखे सॉफ्टबॉल के गुर

**इंदौर।** इंदौर जिला सॉफ्टबॉल संघ, श्री समर्थ क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सॉफ्टबॉल ग्रीष्मकालीन शिविर का आज चिमनबाग मैदान, इंदौर में भव्य समापन हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अक्षय कांति बम (अध्यक्ष, इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ) उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सीए विनोद रुणवाल ने की।

शिविर में लगभग 100 खिलाड़ियों ने सहभागिता की तथा सॉफ्टबॉल के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने पूरे शिविर के दौरान उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



बालक वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रवीण दवे, रवि चौहान एवं सोहेल खान ने प्रशिक्षण प्रदान किया, जबकि बालिका वर्ग में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सविता पारखे एवं पूजा पारखे ने खिलाड़ियों को सॉफ्टबॉल की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया।

अंत में सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं तथा खेलों के प्रति समर्पण एवं अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत डॉ. प्रवीण अनावकर, राजकुमार सहगल, चंद्रकांत संगोले, राकेश मिश्रा एवं सविता पारखे द्वारा किया गया।

# सीमांकन करने गई राजस्व टीम पर हमला

## दो अज्ञात बाइक सवारों ने की मारपीट, मशीन तोड़ी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य में बाधा डालने और राजस्व विभाग की टीम पर सरेराह हमला करने की घटना सामने आई है। टीसीएस चौराहे के आगे एक जमीन का सीमांकन कर रही राजस्व टीम को दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने घेर लिया। बदमाशों ने नपती करने वाली सरकारी मशीन को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और विरोध करने पर राजस्व निरीक्षकों के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टीसीएस चौराहे के आगे की है। मल्हारगंज तहसील कार्यालय में पदस्थ फरियादिया राजस्व निरीक्षक नान बाई रावल पति ध्यान सिंह रावल अपनी टीम के साथ शासकीय कर्तव्य पर थीं। वे सर्वे नंबर 1/376, रकबा 0.2020 की भूमि का आधिकारिक सीमांकन करने के लिए टीम के साथ मौके पर पहुंची थीं।

फरियादिया नान बाई रावल ने पुलिस को बताया कि जब वे और उनकी टीम आधुनिक मशीन से जमीन की नपती का कार्य कर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे। दोनों ने आते ही नपती का काम जबरन रुकवा दिया और गुस्से में आकर राजस्व विभाग की कीमती नपती मशीन को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे मशीन में नुकसान हुआ। जब टीम ने इसका विरोध किया, तो आरोपी गालियां देने लगे। विवाद बढ़ता देख जब टीम में शामिल अन्य राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने बदमाशों को गाली देने और सरकारी काम में बाधा डालने से मना किया, तो दोनों बदमाश और उग्र हो गए। उन्होंने आव देखा न ताव, आरआई धर्मेंद्र शर्मा और उनके साथी पवन शर्मा पर हमला कर दिया। बदमाशों ने दोनों अधिकारियों के साथ हाथ-थप्पड़ों से सरेराह मारपीट की। वारदात के बाद आरोपी पूरी टीम को धमकी देते हुए भागे कि अगर दोबारा यहां नपती करने आए और तुरंत यहां से नहीं निकले, तो तुम सबको जान से खत्म कर देंगे।



# दलित नेता परमार ने दिया धरना...

## बस्ती की बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में दिया ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दलित नेता मनोज परमार ने कल गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक बस्ती में रहने वाली 11 वर्षीय बालिका के साथ वहीं के 55 वर्षीय अधेड़ ने दुष्कर्म किया और पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया। उक्त जानकारी परमार ने देते हुए बताया कि बालिका ने जानकारी अपने माता-पिता को बताई कि दो लोगों ने उसके साथ गंदा काम किया है, इसे लेकर परिजनों और रहवासियों ने गोम्मटगिरि चौराहा पर चक्काजाम किया। परमार को इसकी जानकारी मिली तो वे चक्काजाम स्थल पर पहुंचे और सभी को चक्काजाम करने के बजाए गांधी नगर थाना चलने की सलाह दी और परमार सभी को थाना ले आए और वहां थाना के बाहर प्रदर्शन किया गया, नारेबाजी भी हुई और बलात्कारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। थाना प्रभारी अनिल यादव को ज्ञापन देकर बच्ची का मेडिकल कराने के लिए भिजवाया। बड़ी संख्या में परमार के साथ अन्य लोग भी थे।

# छह वर्षीय बालक की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

## परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




मल्हारगंज थाना क्षेत्र के अंतिम चौराहा स्थित एक अस्पताल पर छह वर्षीय बालक की मौत के बाद कल रात करीब 10 बजे हंगामा मच गया। अस्पताल के बाहर भीड एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालांकि फिलहाल इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार अंतिम चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में एक बच्चे को इलाज के लिए ले जाया गया था जहां बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में हंगामा मच गया। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही के आरोप भी लगाए। मल्हारगंज थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया तो पुलिस मौके पर पहुंची। समझाइश के बाद परिजन लौट गए। फिलहाल इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं हुई है।

# 12 बोर देशी कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार

## एबी रोड पर चेकिंग के दौरान पकड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

किशनगंज पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 12 बोर देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने देर रात विश्वास नगर पुलिया के पास एबी रोड पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र पिता शोभाराम भंवर उम्र 26 साल निवासी ग्राम अम्बापुरा थाना गंधवानी जिला धार हाल मुकाम बगदुन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी से हथियार के स्रोत और संभावित उपयोग के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर। आजादनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत प्रकरण दर्ज किया है।**

उपनिरीक्षक श्यामलाल तंवर ने बताया कि क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आरई-2 रोड स्थित अक्षरधाम कॉलोनी के पास एक संदिग्ध युवक को रोका। पूछताछ के बाद उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक ने अपनी लोअर की दाहिनी जेब से एक पारदर्शी प्लास्टिक की पन्नी निकालकर दिखाई। पन्नी की जांच करने पर उसमें भूरे मटमैले रंग का पाउडर मिला, जो ब्राउन शुगर जैसा मादक पदार्थ प्रतीत हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सय्यद नईम अली उर्फ अक्कु निवासी कोडी-153 आजादनगर के रूप में हुई है। आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# आईटी पार्क ब्रिज के पास से गांजा तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**40 हजार कीमत का सवा किलो से अधिक गांजा जब्त**

भंवरकुआं थाना पुलिस ने रिंग रोड पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर दबोचा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 1 किलो 327 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार मूल्य करीब 40 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीती रात पुलिस की एक टीम रिंग रोड पर 'हॉट स्पॉट' पॉइंट बनाकर संदिग्धों की चेकिंग और पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान जब गश्ती दल आईटी पार्क चौराहा से राजीव गांधी चौराहे की ओर बढ़ा, तो उन्हें आईटी पार्क के पास निर्माणाधीन ब्रिज के समीप एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देख युवक ने भागने का प्रयास किया, जिसे मुस्तैद बल ने घेराबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया।संदेह होने पर जब पुलिस ने युवक की तलाशी ली, तो उसके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवराज पिता अनिल चौहान बताया। वह मूल रूप से बयडीपुरा बायपास बाग, जिला धार का रहने वाला है और वर्तमान में इंदौर के एलआईजी चौराहा क्षेत्र में रह रहा था। भंवरकुआं पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह इतनी बड़ी मात्रा में गांजा कहां से लेकर आया था और इंदौर में किसे सप्लाई करने जा रहा था।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।